15

0331CH15

# भारत

## आनंदमयी कविता

भारत तू है हमको प्यारा,
तू है सब देशों से न्यारा।
मुकुट हिमालय तेरा सुंदर,
धोता तेरे चरण समुंदर।
गंगा यमुना की हैं धारा,
जिनसे है पवित्र जग सारा।
अन्न, फूल, फल, जल हैं प्यारे,
तुझमें रत्न जवाहर न्यारे!
राम कृष्ण से अंतर्यामी,
तेरे सभी पुत्र हैं नामी।
हम सदैव तेरा गुण गाएँ,
सब विधि तेरा सुयश बढ़ाएँ।

*– सोहन लाल द्विवेदी*



© NCERT not to be republished



## बातचीत के लिए

1. अपने देश के विषय में आप क्या जानते हैं? बताइए।
2. अपने देश की प्रसिद्ध नदियों और पर्वतों के नाम बताइए।
3. राम और कृष्ण के विषय में आप क्या जानते हैं? बताइए।



## सोचिए और लिखिए

1. भारत हमें क्यों प्यारा है?
2. हिमालय को सुंदर मुकुट क्यों कहा गया है?
3. आप अपने देश का यश कैसे बढ़ाएँगे?
4. हमारे देश के समान हमारे गाँव और नगर भी न्यारे-प्यारे हैं। आप अपने गाँव या नगर के विषय में सोचकर लिखिए।



## कविता से

**1. कविता के आधार पर पंक्तियाँ पूरी कीजिए—**

भारत तू है हमको प्यारा ..............................

.............................. धोता तेरे चरण समुंदर


गंगा यमुना की हैं धारा ..............................

.............................. तुझमें रत्न जवाहर न्यारे

.............................. तेरे सभी पुत्र हैं नामी

हम सदैव तेरा गुण गाएँ ..............................

© NCERT not to be republished



## शब्दों का खेल

**1. कविता में आए समान ध्वनि वाले शब्दों की जोड़ी बनाइए—**

| | |
|---|---|
| प्यारा | न्यारा |
| सुंदर | .......................................... |
| न्यारे | .......................................... |
| बढ़ाएँ | .......................................... |
| धारा | .......................................... |
| अंतर्यामी | .......................................... |

**2. दिए गए समान ध्वनि वाले शब्दों की सहायता से कविता पूरी कीजिए—**

महान    मान    फूल    अभिमान

देश की माटी, देश की धूल,
खिलते रंग-बिरंगे ..........................
अपने देश का है विशेष ..........................
मिलकर इसका रखें ..........................
जिसके हम गाएँ गुणगान
वह मेरा भारत ..........................

© NCERT not to be republished



Unit 5 122 to 154.indd 124    10-Apr-24 5:15:01 PM



## खेल-खेल में खोजें

**1. कविता में आए शब्दों पर घेरा लगाकर लिखिए—**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सुं | द | र | व | भा |
| आ | ज | वा | ह | र |
| मु | कु | ट | फू | त |
| ह | सा | फ | ल | गं |
| धा | रा | म | गं | गा |

भारत

.........................., ..........................

.........................., ..........................

.........................., ..........................

.........................., ..........................



## समझिए और लिखिए


**1. कुछ शब्दों के एक से अधिक अर्थ भी होते हैं। नीचे दिए गए शब्दों के दो सही अर्थ ढूँढ़कर लिखिए—**

संसार जागना पानी जलना फल परिणाम

फल → फल
फल → परिणाम

जग → ..........................
जग → ..........................

जल → ..........................
जल → ..........................



© NCERT not to be republished

**2. इन वाक्यों के अर्थ वाली पंक्तियाँ कविता से ढूँढ़कर लिखिए—**

(क) भारत सब देशों से भिन्न है।

..............................................................................

(ख) गंगा यमुना से सारा संसार पवित्र है।

..............................................................................

(ग) हम सदैव तेरी प्रशंसा करें।

..............................................................................

(घ) हम देश का नाम ऊँचा करें।

..............................................................................

**3. कविता में भारत के प्रसिद्ध व्यक्तियों के बारे में बताया गया है— "तेरे सभी पुत्र हैं नामी।" भारत के प्रसिद्ध पुत्र और पुत्रियों के नाम लिखिए—**

| पुत्रियाँ | पुत्र |
|---|---|
| ...................................... | ...................................... |
| ...................................... | ...................................... |
| ...................................... | ...................................... |
| ...................................... | ...................................... |

© NCERT not to be republished

> शिक्षण-संकेत – भारत के लोकप्रिय व्यक्तित्वों के बारे में बच्चों को बताएँ और उनसे इस विषय पर बातचीत करें। बच्चों से उनके परिवेश में उपस्थित महत्वपूर्ण व्यक्तियों के बारे में पूछें और उनके बारे में बताने के लिए कहें कि वे क्यों विशेष हैं।



Unit 5 122 to 154.indd 126 10-Apr-24 5:15:02 PM

4. कविता में 'रत्न' शब्द आया है। रत्न यानी मूल्यवान पत्थरों के छोटे से टुकड़े। आइए, कुछ रत्नों के नाम जानें —




हीरा मोती नीलम पन्ना मूँगा माणिक



## कला की कलाकारियाँ

1. रंग-बिरंगे कागज़ और कैंची की सहायता से अपने लिए एक मुकुट बनाइए —




© NCERT not to be republished





Unit 5 122 to 154.indd 127 10-Apr-24 5:15:04 PM

**2. भारत का राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) बनाकर उसमें रंग भरिए—**

© NCERT not to be republished



## बूझो तो जानें

उत्तर में रखवाली करता,
खड़ा रहता है सदा ही मौन।
बोलो भैया, बोलो बहना,
भारत का वह रक्षक कौन?



दो आँखों के ऊपर आँखें,
आँखों में से आँखें झाँकें।





